सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाए और बलिदान को मिले सम्मान - सौरभ सिंह यादव

रायबरेली । समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव के नेतृत्व में स्थानीय शहीद चौक पर रेजांगला युद्ध के अमर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं समाजवादी कार्यकर्ताओं ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। रेजांगला का युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास का ऐसा गौरवशाली अध्याय है, जिसे पढ़कर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। 18 नवम्बर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान लद्दाख के चुशुल क्षेत्र स्थित रेजांगला दर्रे पर 13 कुमाऊं रेजीमेंट की चार्ली कंपनी के लगभग 120 जवानों ने चीनी सेना की भारी संख्या और आधुनिक हथियारों के सामने अदम्य साहस के साथ मोर्चा संभाला था। इस कंपनी में अधिकांश सैनिक अहीर समुदाय से थे। विषम मौसम, अत्यधिक ठंड, सीमित संसाधनों और दुश्मन की भारी सैन्य ताकत के बावजूद इन वीर जवानों ने पीछे हटने के बजाय अंतिम सांस तक मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इस ऐतिहासिक युद्ध में 114 भारतीय जवान वीरगति को प्राप्त हुए। कंपनी कमांडर मेजर शैतान सिंह ने असाधारण वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह यादव ने कहा कि रेजांगला की लड़ाई केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की ऐसी मिसाल है, जिसने पूरी दुनिया को भारतीय सैनिकों के पराक्रम से परिचित कराया। सीमित हथियारों और कठिन परिस्थितियों में भी भारतीय जवानों ने जिस बहादुरी से दुश्मन का मुकाबला किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। युवा अधिवक्ता अखिलेश माही ने कहा कि रेजांगला के वीर अहीर सैनिकों का बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इन वीर जवानों ने यह साबित किया था कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अहीर समाज का नौजवान अपने प्राणों की बाजी लगाने से कभी पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि जब 1962 में चीन की सेना ने भारत की सीमा पर हमला किया था, तब रेजांगला की बर्फीली पहाड़ियों पर अहीर समाज के जवानों ने अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन के दांत खट्टे कर दिए थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने बड़े ऐतिहासिक योगदान और बलिदान के बावजूद अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग आज भी पूरी नहीं हुई है। जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन किसी जातिगत वर्चस्व का विषय नहीं, बल्कि वीर सैनिकों के ऐतिहासिक योगदान, सैन्य परंपरा और सम्मान से जुड़ा विषय है। सरकार को इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। रेजांगला के शहीदों की वीरगाथा को पाठ्यक्रमों में उचित स्थान मिलना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयन्त कुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार, सचिन यादव, निखिल यादव, कैलाश यादव, सुरेन्द्र यादव, संदीप यादव, प्रो0 राजेश मौहारी, शंकर यादव, एजाज अहमद, अनुज बरवारी, तेज बहादुर यादव, अनूप लोधी, अनिल कुमार यादव आदि लोगों ने एक स्वर में भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग का समर्थन करते हुए रेजांगला के अमर शहीदों को नमन किया।

शहीद चौक पर समाजवादी अधिवक्ता सभा ने रेजांगला के अमर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



शेखर मेडिकल हाल गूढ़ा में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

शिवगढ़,रायबरेली- वृन्दावन आई हास्पिटल एण्ड पाली क्लीनिक द्वारा शेखर मेडिकल हाल गूढ़ा निकट नहर के पास में 19 नवम्बर 2026 को सुबह 10 बजे से 01 बजे तक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाक्टर चन्द्र शेखर ने बताया कि आई सर्जन डा ऋचा सिंह द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी

सुल्तानपुर एसपी का बड़ा फेरबदल

सुल्तानपुर जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस विभाग में तबादला एक्सप्रेस चलाई गई है। इसके तहत कई उपनिरीक्षकों (दरोगाओं) के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए उन्हें इधर से उधर स्थानांतरित किया गया है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार तथा मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा विकास खण्ड हरचंदपुर में आयोजित ब्लॉक दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, बाल अधिकारों तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को अपनी शिक्षा निरंतर जारी रखने, अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा समस्या की स्थिति में संबंधित विभाग एवं पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना तथा समाज में बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ब्लॉक मिशन प्रबंधक रितिका सिन्हा, नितिन, गौतम वर्मा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों से की जनजागरूकता फैलाने की अपील, 30 नवंबर तक चलेगी स्वगणना की प्रक्रिया

सुलतानपुर। जनगणना- 2027 के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने और अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में पत्रकारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को स्वगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से स्वयं स्वगणना की प्रक्रिया पूरी कर लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। वहीं, 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण चरण संपन्न कराया जाएगा। कार्यशाला में यूथ, स्पोर्ट्स एंड कम्युनिटी मीडिया डे की थीम के तहत मीडिया की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों को स्वगणना की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद जरूरी है। मीडिया जनसामान्य तक सही और उपयोगी जानकारी पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे स्वगणना के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों की सहभागिता और उनके द्वारा स्वयं स्वगणना पूरी करना जनगणना अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही साजन गना चार पत्रकारों का पूरा हुआ जिसमें मनोराम पाण्डेय अंकित राय नारायण राय सत्यनारायण पाण्डेय सहायक निदेशक रजनी शुक्ला श्रवण कुमार सिंह विजय बहादुर जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही

स्कूटी की टक्कर से युवती गंभीर रुप से घायल

चांदा संवाददाता चांदा क्षेत्र के बैंती कला टोल प्लाजा के समीप बुधवार को स्कूटी की टक्कर से पैदल घर जा रही एक युवती समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, बैती खुर्द निवासी खुशबू पुत्री राम मिलन गौतम पैदल अपने घर जा रही थी। इसी दौरान चांदा से सराय गोपाल की ओर जा रही एक स्कूटी ने बैंती कला टोल प्लाजा के समीप उसे टक्कर मार दी। स्कूटी पर सराय गोपाल निवासी कोमल पुत्री बृजलाल, रिया पुत्री राजेश और किरन पत्नी बच्चा सिंह सवार थीं। टक्कर लगने के बाद स्कूटी भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे उस पर सवार तीनों महिलाएं भी घायल हो गईं।स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस द्वारा चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन आज

अमेठी।राज्य महिला आयो- की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का कल अ् नवम्बर ०ू१ष् को एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के तहत महिला आयो- की सदस्य प्रात: ०ू बजे जनपद अमेठी पहुंचें-ी इसके उपरान्त प्रस्तावित निरीक्षण कार्यक्रम के अन्त-ंत प्रात: अ0 बजे से दोपहर ०ू बजे तक जनपद के कस्तूरबा -ांधी आवासीय बालिका विद्यालय जिला अस्पताल आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय व राजकीय बालिका इण्टर कालेज का निरीक्षण करें-ी। तदोपरान्त वे सायं ०ल बजे चन्द्र प्रकाश मौर्य के आवास पर शोक संवेदना हेतु शिष्टाचार भेंट के लिए उपस्थित हो-ी तथा सायं ० बजे पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा मुंशी-ंज रोड अमेठी राजू सिंह द्वारा आयोजित भा-वत कथा में प्रतिभा- करें। उसके उपरान्त जनपद अमेठी से जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करें।

माता भगवती देवी के जन्मशताब्दी के अवसर पर 120 युवाओं ने किया रक्तदान



सुल्तानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 120 युवाओं ने किया रक्तदान करके माता भगवती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गायत्री परिवार की अगुवाई में अम्बे दल, गोमती मित्र मंडल, जय भोले संस्थान ,एम आर एसोसिएशन की टीम ने सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिलाधिकारी इंद्रजीत जी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय विनीत जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने युवाओ को रक्तदान के प्रति जागरुक किया और कहा कि रक्तदान महादान है हर स्वस्थ युवा को इस महादान के लिए आगे आने की आवश्यकता है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि जनपद सुल्तानपुर रक्तदान के क्षेत्र में धनी है यहां अनेकों रक्तदाता निरन्तर रक्तदान के लिए तत्पर रहते है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भरत भूषण जी ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन सबसे पुनीत कार्य है इससे जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति होती हो पाती है। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर डॉ हरेन्द्र ने कहा रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है इससे किसी को कोई कमजोरी नहीं होती।डॉ आर ए वर्मा ने माता भगवती देवी के जन्मशताब्दी पर आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा की ।अंत में डॉ सुभाष ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया। विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने रक्तदान शिविर में पहुंचकर युवाओं की हौसलाअफजाई की ।जिला समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह ने समस्त युवाओं को रक्तदान के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में जिलाप्रचारक देवदत्त जी डॉ एस के गोयल,डॉ पवन सिंह, डॉ सुपर्णा दुबे, रुद्र प्रताप सिंह मदन,परितोष गुप्ता,जितेंद्र श्रीवास्तव , घनश्याम गुप्ता,पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह , नीरव पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव,डॉ सचिन दिवेदी,डॉ रविंद्र यादव,विनय चौरसिया, अनुराग द्विवेदी, डॉ पिंकू मिश्रा,संदीप सिंह बिट्टू ,गौरव सिंह,अजय वर्मा ,प्रमोद सिंह,अवधेश,सूरज आदि कई लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो घायल

अमेठी। थाना कोतवाली क्षेत्र -ौरी-ंज अंत-ंत कौहार -ांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो -यी जबकि दो लो- -ंभीर रूप से घायल हो -ए। मिली जानकारी के अनुसार मं-लवार रात को चिलबिली -ांव के निवासी रामशरण उम्र ० वर्ष और किटियावा -ांव निवासी जितेन्द्र कुमार उम्र ू वर्ष और विक्रम उम्र ग वर्ष एक ही बाइक से जा रहे थे। तभी कौहार -ांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे तीनों लो- -ंभीर रूप से घायल हो -ए।

भागवत कथा में पहुंचे एसपी विनीत जायसवाल, 150 लोगों को वितरित किए नि:शुल्क हेलमेट

चांदा संवाददाता बनभोकार में भागवत कथा के पांचवें दिन पुलिस अधीक्षक का हुआ स्वागत-अभिनंदन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजक परिवार ने की पहल हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और यातायात नियमों के पालन की अपील चांदा क्षेत्र के बनभोकार गांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक सरोकार की भी अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर विनीत जायसवाल का व्यासपीठ से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजक परिवार की ओर से पुलिस अधीक्षक के हाथों 150 लोगों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपने उद्बोधन में हेलमेट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना केवल यातायात नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटना के दौरान हेलमेट सिर में लगने वाली गंभीर चोटों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और जनहित के संदेश प्रसारित करने की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रदीप यादव राहुल शुक्ल, ने श्रीधाम अयोध्या से पधारे कथा व्यास नीरज पांडेय का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया इस अवसर पर बडी संख्या मे भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

गुरु आदेश पर पहुंचीं वृंदावन की साध्वी, 84 बाबा आश्रम में खड़ाऊं, तौलिया एवं शॉल भेंट कर हुआ सम्मान

सुल्तानपुर। चौरासी बाबा आश्रम को सायं लगभग चार बजे श्री गिरिधर धाम, वृंदावन (मथुरा) की स्वामिनी विश्व मोहिनी अपने छह शिष्यों के साथ चौरासी आश्रम पहुंचीं। उनके साथ संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से दो सगी साध्वी बहनें, मॉरीशस से तीन शिष्य तथा गोरखपुर के सरदारनगर से एक शिष्य शामिल रहे। अयोध्या धाम की यात्रा के क्रम में आश्रम पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया गया। आश्रम पहुंचने के बाद स्वामिनी विश्व मोहिनी एवं उनके साथ आए सभी संतों ने पूरे आश्रम परिसर का श्रद्धापूर्वक भ्रमण किया तथा आश्रम की आध्यात्मिक एवं धार्मिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के वातावरण एवं व्यवस्थाओं को देखकर सभी संत अत्यंत प्रसन्न एवं अभिभूत नजर आए। इस अवसर पर स्वामिनी विश्व मोहिनी ने बताया कि अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करते समय उनके गुरुजी ने फोन पर विशेष निर्देश दिया कि अयोध्या जाने से पहले सर्वप्रथम चौरासी आश्रम पहुंचकर दर्शन करें। गुरुजी के इसी आदेश का पालन करते हुए वह अपने शिष्यों के साथ यहां पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके गुरुजी के लगभग 87 देशों में आश्रम संचालित हैं। उनके मार्गदर्शन में देश के संत-महात्माओं से जुड़ी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक निशानियों का एक विशेष संग्रहालय तैयार किया जा रहा है। इस संग्रहालय के लिए तैयार किए गए कैटलॉग का भी उन्होंने आश्रम के लोगों को अवलोकन कराया।

संसार में आज भी दी जाती है श्रीकृष्ण और सुदामा के मित्रता की मिसाल

मुंशीगंज अमेठी । उलरा गांव में चल रही श्रीमद्भा-वत कथा में बुधवार को भ-वान श्रीकृष्ण के विवाह से लेकर उनके स्वधाम -मन तक के प्रसंगों का वर्णन किया -या। कथा व्यास ने रुक्मिणी हरण और विवाह के साथ भगवान के अन्य सात पटरानियों से विवाह की कथा सुनाई। जरासंध शाल्व और पौण्ड्रक जैसे अत्याचारी राजाओं के वध का प्रसं- भी सुनाया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता का प्रसं- सुन श्रद्धालु भावुक हो गए। कथावाचक ने इस अटूट मित्रता प्रेम और भ-वान की भक्तवत्सलता का मार्मिक वर्णन किया। बताया कि संसार में आज भी श्रीकृष्ण और सुदामा के मित्रता की मिसाल दी जाती है। इसके बाद उद्धव-श्रीकृष्ण संवाद नवयो-ेश्वर संवाद और अवधूत उपाख्यान के माध्यम से आत्मज्ञान वैराग्य और मोक्ष का संदेश दिया। चौबीस गुरुओं की कथा से जीवन में गुरु के महत्व को समझाया।

जमीन पर उतरे जल स्वराज से ्राम स्वराज की अवधारणा

अमेठी।क्षेत्र के प्रमोद आलोक इंटरमीडिएट कालेज मं-लपुर के विवेकानंद सभागार में बुधवार को अमेठी जल बिरादरी द्वारा आयोजित पंच दिवसीय जल साक्षरता अभियान के दूसरे दिन -ोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ।अतिथियों का स्वा-त करते हुए सं-ठन के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि पांच दशक पूर्व सतत् प्रवाहित होने वाली जनपद की उज्जयिनी एवं मालती नदियां आज बरसाती नदियां बनकर रह -ई हैं जो चिंता का विषय है इन नदियों की अविरलता एवं पुनर्जीवन हेतु जन-जन की भागीदारी निहायत जरूरी है।संवाद गोष्ठी की अध्यक्षता करते उत्तराखंड के पर्यावरणविद् सुरेश भाई ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में जल की ुणवत्ता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक हो गया है क्योंकि हरिद्वार से ही गंगा जल पीने योग्य नही है जिसका प्रभाव मैदानी क्षेत्र में सर्वाधिक दिखाई दे रहा है। गंगा के क्षेत्र में ल0 करोड़ लो-ों के सामने स्वच्छ जल की चुनौती खड़ी है।मुख्य अतिथि पानी अध्येता अरुण तिवारी ने कहा कि पानी पर अधिकार की सुनिश्चितता तभी होगी जब -ांव से शहर तक लो- जल स्वराज से ्राम स्वराज की अवधारणा को जमीन पर उतरेंगें। यह कार्य राज समाज को मिलकर करना हो-ा।मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान के प्रणेता सुशील सीतापुरी ने कहा कि मालती उज्जयिनी और -ोमती के पुनर्जीवन के लिए मिलकर प्रयास करना हो-ा। संवाद -ोष्ठी को अमर बहादुर सिंह एवं अनुभव मिश्र ने भी संबोधित किया।संवाद सं-ोष्ठी में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भा- लिया। संवाद गोष्ठी में आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या डॉ ममता त्रिपाठी ने जल संचयन के साथ वृक्षारोपण कार्य के प्रति युवाओं को जा-रूक किया। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

डीएम ने टीबी मरीजों को वितरित की पोषण पोटली

अमेठी। राष्ट्रीय क्षय रो- उन्मूलन कार्यक्रम के अंत-ंत टीबी मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने एवं उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में ६ टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की।उन्होंने टीबी मरीजों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार लेने तथा चिकित्सकों द्वारा बताए -ए उपचार का पूरा कोर्स निर्धारित समय तक जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टीबी एक उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच नियमित दवा एवं संतुलित पोषण के माध्यम से इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभा- के अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीबी मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं पोषण सहायता का लाभ समय से सुनिश्चित कराया जाए तथा मरीजों की नियमित नि-रानी भी की जाए।

विकास को मिली नई रफ्तार, सड़कों की विशेष मरम्मत को पीडब्ल्यूडी से मिली मंजूरी

तिलोई,अमेठी। विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ्रामीण संपर्क मा-ों को दुरुस्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया -या है। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयासों से क्षेत्र की अल प्रमुख सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभा- (पीडब्ल्यूडी) द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी -ई है।इन मा-ों के निर्माण और मरम्मत कार्य को मंजूरी मिलने से स्थानीय ना-रिकों में खुशी की लहर है। लंबे समय से इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण की मां- की जा रही थी।

विभा-ीय स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू होने की उम्मीद है।सड़कों की हालत सुधरने से क्षेत्र के हजारों ्रामीणों को सीधा लाभ मिले-ा। विशेष रूप से अपनी उपज मंडी तक ले जाने वाले किसानों, स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों, स्थानीय व्यापारियों और रोजमर्रा के कामों से यात्रा करने वाले आम ना-रिकों का आवा-मन बेहद सु-म और सुरक्षित हो जाए-ा। -ांवों को मुख्य मा-ों से जोड़ने वाली ये सड़कें ्रामीण अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन को -ति देने में अहम भूमिका निभाएं-ी।क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण सौ-ात के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समस्त क्षेत्रवासियों ने राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

अयोध्या में पांच दिवसीय कार्तिक धार्मिक यात्रा

अयोध्या। रामनगरी में इस्कॉन चौपाटी की ओर से पांच दिवसीय कार्तिक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 15 हजार इस्कॉन अनुयायियों के साथ 1200 विदेशी श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की। पांच दिनों तक चले आयोजन में भक्ति, आध्यात्मिकता और सनातन संस्कृति की छटा देखने को मिली। धार्मिक यात्रा का प्रमुख आकर्षण अंग्रेजी भाषा में आयोजित वाल्मीकि रामायण कथा रही। इसके माध्यम से विदेशी श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और उनके संदेशों से परिचित कराया गया। देश-विदेश से आए भक्तों ने कथा श्रवण के साथ विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। आयोजन में केशव चंद्र दास प्रभु, गौरांग प्रभु, वासुसेन प्रभु और रमा प्रभु सहित इस्कॉन से जुड़े संतों एवं भक्तों की सहभागिता रही।

स्वास्थ्य का उपहार व परंपरा से पोषण की थीम पर उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ समारोह

अतिकुपोषित 296 बच्चों एवं उनकी माताओं को मिली लोहे की कढ़ाई एवं पोषण किट का उपहार

बहराइच। शासन के निर्देश, मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल एवं जिला प्रशासन के प्रयास से पर परा से पोषण श्रृंखला के अन्तर्गत उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मु य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव, नीतू रानी एवं जैसमीन वर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण की समस्या से निजात दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 296 गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम) बच्चों एवं उनकी माताओं को स्वास्थ्य का उपहार के अन्तर्गत लोहे की कढ़ाई एवं पोषण किट का वितरण किया गया।

मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा

पारंपरिक खानपान से पोषण की ओर वापसी के लिए अभिनव पहल

मातृ एवं शिशु पोषण को मजबूत करने तथा प्रदेश के प्रत्येक बच्चे की स्वस्थ शुरुआत सुनिश्चित करने के प्रयासों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पारंपरिक खानपान से पोषण की ओर वापसी एवं क्षेत्र की अपनी पारंपरिक खाद्य परंपराओं को पुन: प्रोत्साहित करने हेतु माताओं को पारंपरिक लोहे की कड़ाही भेंट की गई। भारतीय रसोई में लंबे समय से उपयोग की जाने वाली लोहे की कड़ाही भोजन में आयरन की मात्रा बढ़ाने में सहायक होती है, जिससे एनीमिया (खून की कमी) से बचाव के प्रयासों को मजबूती मिलती है। समारोह के दौरान मौजूद परिवारों को गुड़, भुना चना और सत्तू भी वितरित किया गया। यह सभी खाद्य पदार्थ सस्ते, पौष्टिक तथा क्षेत्र में पीढ़ियों से उगाए और खाए जाते रहे हैं। इसके अतिरिक्त कैल्शियम तथा ओआरएस-जिंक के पैकेट तथा माताओं और बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फोर्टिफाइड टेक होम राशन (पोषक तत्वों से युक्त घर ले जाने वाला राशन) के रूप में तैयार-करने-योग्य पौष्टिक मिश्रण भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा बड़ी सं या में लाभार्थी मौजूद रहे।

आगामी 21 नवंबर तक बीज नहीं लिया तो निरस्त हो जाएगी बुकिंग

अ बेडकरनगर। रबी 2026.27 की फसलों की बुवाई को देखते हुए जिले के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर अनुदानित दरों पर विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार जनपद में गेहूं 10696.40 कुंतल चना 386.24 कुंतल मटर 156.80 कुंतल और मसूर 26.24 कुंतल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। किसानों को नियमानुसार बीज वितरण किया जा रहा है इसके अलावा राजकीय कृषि बीज भंडारों पर 119.20 कुंतल चना बीज अनुदान पर तथा 15.28 कुंतल मसूर बीज शत-प्रतिशत अनुदान पर वितरण के लिए उपलब्ध है। जिन किसानों ने बीज के लिए पहले से बुकिंग कराई है उन्हें अपने विकासखंड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर आवश्यक अभिलेखों के साथ पहुंचकर पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर बीज प्राप्त करने की अपील की गई है।

किसानों ने उठाई खाद बिजली पानी की समस्या

अमेठी । विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभा-ों के अधिकारियों को उनके प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। किसान दिवस में किसानों ने खाद की उपलब्धता टिकरिया माइनर की सिल्ट सफाई अमेठी रजबहा में पानी न पहुंचने विद्युत आपूर्ति सहित कृषि एवं ्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने किसानों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाए-ा। सभी विभा- किसानों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका समयबद्ध एवं -ुणवत